प्रादेशिक समाचार
दिनांक–08.07.2024 (संध्या 1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्वास मत हासिल करने के बाद मंत्रिमंडल का किया विस्तार, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन समेत 11 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ।**
2. **कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह और इरफान अंसारी के अलावा झामुमो के बैजनाथ राम मंत्रिमंडल में नये चेहरे, बादल पत्रलेख और बसंत सोरेन को नहीं मिली जगह।**
3. **सर्वोच्च न्यायालय ने नीट यूजी पेपर लीक मामले से जुड़ी याचिकाओं पर की सुनवाई, केन्द्र, एनटीए और सीबीआई से मांगी रिपोर्ट, 11 जुलाई को होगी अगली सुनवाई।**
4. **नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, लातेहार से दो और पश्चिमी सिंहभूम से एक नक्सली हथियार के साथ गिरफ्तार।**
5. **केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा में की एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हेमंत सोरेन सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप।**

''''''''''''''

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के बाद अपनी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार किया। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में 11 विधायकों को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंत्री पद की शपथ दिलायी। झामुमो कोटे से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के अलावा बैजनाथ राम, दीपक बिरुआ, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन और बेबी देवी ने भी मंत्री पद की शपथ ली। कांग्रेस की ओर से डा. रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, इरफान अंसारी और दीपिका पांडेय ने पद और गोपनीयता की शपथ ली जबकि राजद की ओर से सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री पद की शपथ ली। नये मंत्रिमंडल में बैजनाथ राम, इरफान अंसारी और दीपिका पांडेय नये चेहरे हैं। चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल में शामिल रहे झामुमो के बसंत सोरेन और कांग्रेस के बादल पत्रलेख को नये मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है।

''''''''''''''

हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल में जगह मिलने पर इरफान अंसारी ने कांग्रेस नेतृत्व और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

दीपिका पांडे सिंह ने भी कहा है कि उन्हें जो जिम्मेवारी मिली है उसे वे बखूबी निभाने की कोशिश करेंगी।

''''''''''''''

इससे पहले झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष के वाकआउट के बीच विश्वास मत हासिल कर लिया। विश्वास मत के पक्ष में 45 वोट पड़े। विश्वास मत जीतने के बाद श्री सोरेन ने कहा कि 2019 से हम लगातार संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं।

''''''''''''''

इधर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज फिर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार झूठ और भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है।

''''''''''''''''

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए से न्यायालय में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। शीर्ष अदालत ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो – सीबीआई से मामले में अब तक की अपनी जांच पर एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। न्याअयालय ने एनटीए, केंद्र सरकार और सीबीआई को 10 जुलाई शाम 5 बजे तक अपनी रिपोर्ट पेश करने को कहा है। इस मामले में अब अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी।

''''''''''''''''

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने लातेहार जिले के प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के दो नक्सलियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उधर, पश्चिमी सिंहभूम जिले के आनंदपुर के मुंडा टोला से पूर्व पीएलएफआई नक्सली रिंकू सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

''''''''''''''''

आकांक्षी जिला पलामू में आज से जिला स्तरीय सम्पूर्णता अभियान की शुरुआत की गयी। जिले के उपायुक्त शशिरंजन, नीति आयोग के निदेशक हिमांशु जोशी और उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने संयुक्त रुप से इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि अगले तीन महीने में छह संकेतकों पर आधारित लक्ष्य को प्राप्त करना ही इस अभियान का उदेश्य है।

''''''''''''''''

ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरों को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत आज कोडरमा जिले में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित किया जा सकता है।

''''''''''''''''

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप है। वे आज सरायकेला–खरसांवा जिले के चांडिल रेलवे स्टेशन स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित अभिनंदन सह विजय संकल्प समारोह में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

''''''''''''''''

दुमका जिले में 1855 के संताल हूल की विरासतों और ऐतिहासिक स्थलों को चिन्हित कर उन्हें प्रतिष्ठित करने का विशेष जन अभियान चलाया जा रहा है।

''''''''**समाप्त**''''''''